भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 640
07 फरवरी, 2025 को जवाब दिया

राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन की विशेषताएं

640. श्री नीरज डांगीः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) की विशेषताएं क्या हैं और इस मिशन के अंतर्गत खर्च की जाने वाली राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस मिशन के अंतर्गत कितने रोजगार अवसर सृजित किए जाने का लक्ष्य है;

(ग) क्या देश में तकनीकी वस्त्रों के माध्यम से विकास की कोई संभावना है; और

(घ) क्या इस संबंध में निर्यात का कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): देश को तकनीकी वस्त्रों में वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) को वित्त वर्ष 2020-21 में लॉन्च किया गया था और इसे 1,480 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ 31.03.2026 तक बढ़ा दिया गया है। मिशन में 04 घटक इस प्रकार हैं:-

i. घटक-I (अनुसंधान, नवाचार और विकास) — 1,000 करोड़ रुपये
ii. घटक-II (संवर्धन और बाजार विकास) — 50 करोड़ रुपये
iii. घटक-III (निर्यात संवर्धन) — 10 करोड़ रुपये
iv. घटक- IV (शिक्षा, प्रशिक्षण, कौशल विकास) — 400 करोड़ रुपये

मिशन का मुख्य उद्देश्य मशीनरी और विशेष फाइबर के अनुसंधान एवं नवाचार तथा स्वदेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करना; उपयोगकर्ताओं के बीच जागरूकता को बढ़ावा देना; तकनीकी वस्त्रों के भारत के निर्यात को बढ़ाना; तथा अपेक्षित कौशल के साथ मानव संसाधन तैयार करना है। हालांकि, एनटीटीएम के तहत रोजगार के अवसरों के सृजन का कोई प्रत्यक्ष प्रावधान नहीं है।

(ग): देश में तकनीकी वस्त्र एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जो विभिन्न उद्योगों में अपार विकास की संभावना प्रदान करता है। यह सड़क, रेलवे, निर्माण, कृषि, चिकित्सा उद्योग, स्वच्छता उद्योग, ऑटोमोबाइल, रक्षा, अंतरिक्ष और औद्योगिक सुरक्षा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग में आने वाली पारंपरिक सामग्रियों का विकल्प प्रदान करता है। इन क्षेत्रों में तकनीकी वस्त्रों का विस्तार और अपनाया जाना देश के बुनियादी ढांचे, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

(घ): एनटीटीएम का लक्ष्य मिशन के पूरा होने तक 10 बिलियन अमरीकी डॉलर का निर्यात करने का है।

****